आकाशवाणी केन्द्र शिमला

03.09.2024 / प्रादेशिक समाचार / 09:20 बजे

विधानसभा

प्रदेश विधानसभा के शिमला में चल रहे मानसून सत्र की कार्यवाही आज सुबह 11 बजे शुरू होगी। सत्र के छठे दिन प्रश्नकाल के अलावा अन्य विधायी कार्य निपटाए जाएंगे। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू विभिन्न दस्तावेजों की एक–एक प्रति सभापटल पर रखेंगे। इसके अलावा अन्य सदस्य भी संबंधित दस्तावेजों की प्रति सभा पटल पर रखेंगे। सदन में नियम–62 के तहत भाजपा के विक्रम सिंह ब्यास नदी से बड़सर के लिए पेयजल योजना पर ध्यानाकर्षण प्रस्ताव लाएंगे।

मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा है कि हिमुडा शिमला के विकासनगर में अत्याधुनिक बहुउद्देशीय भवन का निर्माण करेगा और यह प्रस्तावित परिसर शहर में सबसे आधुनिक भवनों में से एक होगा। शिमला में हिमाचल प्रदेश आवास व शहरी आवास प्राधिकरण के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ आयोजित बैठक में उन्होंने ये बात कही। मुख्यमंत्री ने कहा कि 10 बीघा भूमि पर करीब 150 करोड़ रूपए की लागत से इस भवन का निर्माण किया जाएगा और इसमें सरकारी कार्यालय, शॉपिंग कॉम्पलेक्स, होटल व पार्किंग की सुविधा मिलेगी। मुख्यमंत्री ने इस परियोजना के लिए डीपीआर शीघ्र तैयार करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए।

विक्रमादित्य सिंह

लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने अधिकारियों को प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तीसरे चरण की सड़कों का निर्माण कार्य जून 2025 तक पूरा करने के निर्देश दिए हैं। वे कल शिमला में केंद्रीय प्रायोजित परियोजनाओं की समीक्षा बैठक के दौरान बोल रहे थे। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना की समीक्षा करते हुए उन्होंने कहा कि तीसरे चरण में योजना के तहत 23 सड़कें व 22 पुल स्वीकृत हुए हैं। विक्रमादित्य सिंह ने कहा कि इन परियोजनाओं में से चार सड़कों के टेंडर अवार्ड किए जा चुके हैं जबकि 19 सड़कों के टेंडर भी जल्द से जल्द अवार्ड किए जाएंगे।

भवन निर्माण

प्रदेश में भवन निर्माण के मानक जल्द बदलेंगे। बीते साल व मौजूदा मानसून सत्र में प्राकृतिक आपदा से हो रहे जानमाल के नुकसान को देखते हुए सरकार ने भूस्खलन संभावित क्षेत्रों के साथ–साथ नदी नालों के तटों व अन्य इलाकों और विशेष क्षेत्रों में भवन

निर्माण के मानकों को बदलने की तैयारी कर दी है। नगर व ग्राम नियोजन मंत्री राजेश धर्माणी ने टीसीपी नियमों में संशोधन विधेयक को कल सदन में पेश किया। विधेयक में भूस्खलन और इमारतें ढहने की घटनाओं को रोकने के लिए उचित जल निकासी की व्यवस्था और इमारतों की मजबूत नींव के लिए मानक तय किए गए हैं।

हाईकोर्ट

प्रदेश उच्च न्यायालय ने चमियाना अस्पताल में सभी ओपीडी के संचालन पर फिलहाल रोक लगा दी है। न्यायालय ने यहां से ओपीडी वापिस आईजीएमसी के लिए शिफ्ट करने के आदेश दिए हैं। मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति एम.एस रामचंद्र राव और न्यायाधीश सत्येन वैद्य की खंडपीठ ने यह रोक लगाते हुए कहा कि जब तक अस्पताल में मरीजों को ले जाने में हो रही दिक्कतों और सड़कों की खस्ताहालत को दुरूस्त नहीं किया जाता तब तक यहां पर ओपीडी नहीं चलाई जाए। गौरतलब है कि अस्पताल परिसर में दवाईयों की दुकानें, स्टाफ व चिकित्सकों के रहने के आवास, कैंटीन, तीन किलोमीटर सड़क तक स्ट्रीट लाईट व पुलिस पोस्ट जैसी मूलभूत सुविधाएं मरीजों के लिए उपलब्ध नहीं हैं। इस मामले में न्यायालय ने स्वास्थ्य सचिव व लोक निर्माण विभाग को 31 अक्तूबर तक स्टेटस रिपोर्ट दायर करने के आदेश भी दिए हैं।

भाजपा सदस्यता अभियान

प्रदेश में भाजपा का सदस्यता अभियान आज से शुरू हो रहा है। इस दौरान नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष राजीव बिंदल से अपनी सदस्यता का नवीनीकरण प्रमाण पत्र प्राप्त करेंगे। पार्टी प्रदेश अध्यक्ष राजीव बिंदल ने बताया कि सदस्यता अभियान के तहत भाजपा पूरे प्रदेश में हर बूथ पर दो सौ सदस्य बनाने के लक्ष्य के साथ आगे बढ़ रही है और अभियान के तहत प्रदेश में 16 लाख सदस्य बनाने का लक्ष्य रखा गया है।

मौसम

प्रदेश में मानसून की वर्षा का क्रम रूक–रूक कर जारी है। हालांकि अधिकतर स्थानों पर आज बादलों के बीच हल्की धूप निकली हुई है। वर्षा से तापमान में हल्की गिरावट दर्ज की गई है। मौसम विभाग ने अगले 24 घंटों में प्रदेश के कई स्थानों पर भारी वर्षा का येलो अलर्ट भी जारी किया है।

और अब सुर्खियां समाचार पत्रों से––––

आज अधिकांश समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है। विधानसभा सत्र से जुड़ी खबर पर अमर उजाला की सुर्खी है विपक्ष का वाकआउट,

बोलने का मौका न देने का आरोप, राज्यपाल से स्पीकर को हटाने की मांग। दिव्य हिमाचल का शीर्षक है स्पीकर के खिलाफ विपक्ष ने दिया अविश्वास प्रस्ताव का नोटिस। पंजाब केसरी के शब्द हैं भाजपा विधायक दल ने राज्यपाल को विधानसभा अध्यक्ष के खिलाफ सौंपा ज्ञापन। हिमाचल दस्तक का कहना है भाजपा ने विधानसभा सचिव को दिया स्पीकर को पद से हटाने का नोटिस।

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के हवाले से दैनिक सवेरा टाइम्स लिखता है अर्थव्यवस्था में सुधार लाने के लिए सरकार 6 महीने में और नए फैसले लेगी।

दैनिक जागरण की एक खबर है दो तारीख को भी नहीं मिला वेतन–हिमाचल प्रदेश के कर्मचारी–पेशनर दिनभर करते रहे इंतजार। दैनिक भास्कर के शब्द हैं साढ़े चार लाख कर्मचारी व पेंशनर्स निराश–दो सितंबर तक नहीं मिला अगस्त का वेतन। हाईकोर्ट ने चमियाणा हॉस्पिटल में सभी ओपीडी संचालन पर रोक लगाई शीर्षक से दैनिक भास्कर लिखता है कहा–सड़क पक्की होने तक आईजीएमसी में लगेंगी ओपीडी।